हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 16 मई 2025

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

12 रासेयो ने समर कैंप में बनाया मिसाइल और रामलला मंदिर



13 झीपन में गहराया पेयजल संकट, ग्रामीण ...






## 10वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023**

इच्छुक छात्र आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)

6 माह सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



Advt.


## खबर संक्षेप

### पटाखा फोड़ने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम डूमरपाली में रात में पटाखा फोड़ने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पिथौरा पुलिस ने बताया कि डूमरपाली के डोंगरसिंह यादव ने 14 मई की रात करीब 9 बजे गांव के रितिक यादव को पटाखा फोड़ने से मना किया, तब आरोपी ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### खरीफ फसल के लिए धान बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

**महासमुंद।** जिले के बीज प्रक्रिया केन्द्रों में इस खरीफ मौसम के लिए धान की 10 वर्ष के अंदर की किस्मों के बीज उपलब्ध हैं। जिले में कुल 4508.10 क्विंटल बीज उपलब्ध है, जिसमें एमटीयू-1318-1731.20 क्विंटल, एमटीयू-1156-317.60 क्विंटल, सीजी धान-1919-546.00 क्विंटल, सीजी देवभोग-1853.40 क्विंटल, दूबराज एसईएल-1-21.90 क्विंटल एवं विक्रम टीसीआर-38.00 क्विंटल उपलब्ध है। जिससे लगभग 7514 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल की बुआई संभव होगी। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप द्वारा कृषकों से अपील की गई है कि वे आवश्यकतानुसार बीज प्राप्त करने के लिए संबंधित बीज प्रक्रिया केंद्रों या सहकारी समितियों से संपर्क करें।

### बरतियाभांठा में 16 से अष्टप्रहरी संकीर्तन नाम यज्ञ

**भंवरपुर।** ग्राम बरतियाभांठा में 16 से अष्टप्रहरी संकीर्तन नाम यज्ञ का आयोजन रखा गया है। 16 मई को कलश स्थापना एवं नाम उच्चारण तथा 17 मई को पूर्णाहुति, महाप्रसाद वितरण (भंडारा) का आयोजन रखा गया है। इस नामयज्ञ में ज्योत्सनामई दीक्षित महिला उदंड कीर्तन मंडली देसईमुंडा (ओडिशा), वर्षारानी बेहरा महिला उदंड कीर्तन मंडली कनबार (ओडिशा), भारती साहू महिला रंगीन कीर्तन मंडली अमरकोट (छग), माधुरी बरिहा महिला रंगीन कीर्तन मंडली कापूकुंडा (छग), दिग्विजय कदम पुरुष उदंड कीर्तन मंडली बरतियाभांठा (छग) के साथ पंडित क्षेत्रपाल देवता को आमंत्रित किया गया है। गांव वालों ने उक्त आयोजन में शामिल होने सभी क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए आमंत्रित किया है।

कार्रवाई : शिवनाथ नदी से प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों से रेत की तस्करी

# रेत के अवैध परिवहन पर कार्रवाई, 5 हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

कलेक्टर बलौदाबाजार भाटापारा दीपक सोनी के निर्देशानुसार सिमगा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाने तहसीलदार ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 5 हाईवा को पकड़ा।

मिली जानकारी के अनुसार सिमगा तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने रेत माफियाओं को पकड़ने सुबह 7 बजे तिल्दा एवं हथबंद रोड स्थित जंक्शन ढ़ाबा के पास दबिश देकर रेत से भरे पांच हाईवा पर कार्रवाई की। हाईवा चालकों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा किसी तरह के लायल्टी, परमीट, पीटपास एवं दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गये। इस कारण हाईवा को जब्त कर जिला माइनिंग अधिकारी को कार्रवाइके लिए जांच प्रतिवेदन भेजा गया है। फिलहाल पांचों गाड़ियों क्रमांक सीजी 25 के 6311, सीजी 25 के 6299, सीजी 09 जेजी 0198, एवं तिल्दा ओव्हर ब्रीज के पास सीजी 09 जेसी 8463 तथा एक हाईवा का जिसका नंबर अप्राप्त है को सिमगा थाने के सुपुर्द की गयी है। इसमें कवर्धा, बेमेतरा एवं बलौदाबाजार की गाडियां शामिल हैं। ज्ञात हो कि सिमगा क्षेत्र में रेत माफियाओं द्वारा शासन प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए काफी दिनों से बेधड़क अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन का कारोबार संचालित किया जा रहा है। माइनिंग विभाग की घोर उदासीनता एवं चुप्पी के चलते रेत माफियाओं को किसी का डर नहीं है। ऐसी परिस्थिति में उनके हौसले बुलंद हो चले हैं। वहीं दिखावे के लिए इक्का दुक्का छोटी-मोटी कार्रवाई कर माइनिंग विभाग नींद से जागने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्र में दिन रात ट्रैक्टर व हाईवा से रेत का परिवहन किया जा रहा है। वहीं रेत माफियाओं द्वारा शिवनाथ नदी से प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों से रेत का दोहन किया जा रहा है, यह काम विगत कई महीनों से चल रहा है, बावजूद इसके खिलाफ कार्रवाई नगण्य है। कलेक्टर दीपक सोनी ने टोल फ्री नंबर जारी करते हुए अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर कसावट लाने राजस्व, पुलिस, वन, खनिज और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम गठित की है जो कितना कारगर साबित होता है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

■ रेत माफियाओं के विरुद्ध तहसीलदार ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई




## रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रशासन सख्त



**बलौदाबाजार।** ज़िले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर अब प्रशासन का शिकंजा और अधिक सख्त होगा। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर राजस्व, पुलिस, वन, खनिज और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई है, जो दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करेगी। अवैध रेत खनन और परिवहन में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर सोनी ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार इस अवैध गतिविधि पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में रेत खनन के ग्रे और ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। पुलिस को निर्देशित किया गया है कि यदि किसी क्षेत्र में हाइवा, चैन माउंटेन या अन्य भारी मशीनरी का प्रयोग पाया जाता है, तो संबंधित वाहन को जब्त कर ड्राइवर और वाहन मालिक दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

■ सूचना देने वालों को पुरस्कृत करेगा विभाग, मोबाइल नंबर जारी

### दोषियों के खिलाफ उठाये जाएंगे सख्त कदम

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने बताया कि संयुक्त टीम पूरी सजगता और सुरक्षा के साथ कार्रवाई करेगी। वन विभाग द्वारा वन अधिनियम के तहत दोषियों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे और वाहन राजसात करने की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। परिवहन विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे खनन में संलिप्त वाहनों और चालकों की पूरी जानकारी, जैसे आधार, ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन दस्तावेज, एकत्र करें, ताकि कार्रवाई में किसी प्रकार की ढिलाई न हो।

### जिले में अधिकृत रेत खदानें हैं केवल 14

कलेक्टर ने यह भी जानकारी दी कि जिले में वर्तमान में 14 अधिकृत रेत खदानें स्वीकृत हैं, जहां केवल ट्रैक्टर से रेत परिवहन की अनुमति है। इससे बाहर कोई भी गतिविधि अवैध मानी जाएगी।प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि वे अवैध रेत खनन या परिवहन की सूचना आम नागरिक संपर्क केंद्र के मोबाइल नंबर 9201899925 पर दें। सटीक जानकारी देने वालों को प्रशासन की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा।

## आत्मानंद में प्रवेश के लिए आज निकाली जाएगी लाटरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पलारी में उपलब्ध सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्तिथि में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए 16 मई को प्रातः 9.30 बजे लाटरी निकालकर सीटों को भरा जाएगा। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि गोपी साहू नगर पंचायत अध्यक्ष पलारी, अध्यक्षता नरेश वर्मा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पलारी, प्रमुख अतिथि जेएल जोशी विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक पलारी एवं विशिष्ट अतिथि अमित वर्मा अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सानिध्य में होगा। वहीं सत्र 2025-26 विद्यालय में किंडरगार्टन (बालवाडी) का भी संचालन प्रारम्भ हो रहा है, जिसमें उपलब्ध सीटों की संख्या 20 हैं, जिसके लिए पहले आओ पहले पाओ के माध्यम से ऑफलाइन आवेदन 20 मई तक आमंत्रित किये गये हैं।

## इंजीनियरिंग कंपनी में श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन



तिल्दा जनपद के छछानपहरी स्थित आर्टेक इंफ्रा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कार्यरत बिहार निवासी नंदन कुमार यादव की कार्यस्थल पर मृत्यु हो गई। वह कंपनी में वेल्डिंग सहायक के पद पर कार्यरत था और इंडियन ऑयल एंड कंपनी के लिए टैंकर निर्माण के दौरान हादसे का शिकार हुआ। बताया गया कि जब तक ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली, तब तक मृतक का शव वहां से हटा लिया गया था। मृतक के साथियों ने बताया कि नंदन कुमार टैंकर के भीतर काम कर रहा था तभी यह हादसा हुआ। कंपनी में लगभग 30 मजदूर नियमित रूप से कार्यरत हैं। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के सरपंच, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में कंपनी परिसर पहुंचे और मृतक के परिजनों को समुचित मुआवजा देने की मांग की। यह दुर्घटना श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सभी मजदूरों को बीमा सुविधा और पर्याप्त सुरक्षा उपकरण दिए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

## सुशासन तिहार : शिकायत पर आरएचओ निलंबित

चार कर्मचारियों चेतावनी पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त शिकायतों पर कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा त्वरित कार्रवाई के निर्देश जिले के विभाग प्रमुखों को दिए हैं। इस कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने एक ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक्र आरएचओ को निलंबित कर चार को चेतावनी पत्र ज़ारी किया है। विकासखण्ड पलारी के उपस्वास्थ केंद्र हरिनभट्टा के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष उपेंद्र साहू के विरुद्ध सुशासन तिहार में ग्रामीणों द्वारा शासकीय कार्य में रुचि नहीं लेने और ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने संबंधी शिकायत की गई थी जिसके लिए जांच समिति बनाई गई, जांच में शिकायत सही पाई गई। इस आधार पर उन्हें सिविल सेवा आचरण नियम 1965 तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। निलंबन अवधि में उनका खण्ड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय कसडोल में मुख्यालय निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। इसी तरह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रोहांसी में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला) सुषमा ▸▸ शेष पेज 13 पर

अपमान जनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, मंत्री विजय शाह का पुतला दहन

# कर्नल सोफिया के खिलाफ बयान सेना और देश के गौरव का अपमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई अपमानजनक एवं शर्मनाक टिप्पणी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री विजय शाह का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

मालूम हो कि कर्नल सोफिया कुरैशी ने हाल ही में भारत सरकार के 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रेस कॉन्फ्रेंस का नेतृत्व किया था, जिसमें उनकी भूमिका सराहनीय रही। लेकिन इस ऑपरेशन के संदर्भ में मंत्री विजय शाह द्वारा की गई टिप्पणी को कांग्रेस ने न केवल कर्नल कुरैशी का अपमान बताया, बल्कि इसे सेना और देश के गौरव का भी अपमान करार दिया।प्रदर्शन में प्रमुख रूप से संदीप पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र बंजारे, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, पार्षद सलमान शेख, सुरेश घृतलहरे, पूर्व पार्षद गोविंद पात्रे, धर्मेंद्र वर्मा, सुभाष राव, देवेंद्र बंजारे, मनोज प्रजापति, दिगंबर साहू, पद्मेश्वरी साहू, सूर्यकांत वर्मा, रविंद्र नामदेव, अविनाश मिश्रा, सुखदेव साहू, आयुष भतपहरी, प्रवीण सेन, यशवंत वर्मा, जय ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कांग्रेसजनों ने चेतावनी दी है कि यदि इस टिप्पणी के लिए सार्वजनिक माफी और कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो प्रदेशभर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।



### राष्ट्र विरोधी मानसिकता को दर्शाता है मंत्री विजय शाह का बयान

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम गिरी एवं रूपेश सिंह ठाकुर ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा कि मंत्री विजय शाह का बयान निंदनीय ही नहीं, बल्कि राष्ट्रविरोधी मानसिकता को दर्शाता है। यह टिप्पणी देश के सैनिकों के मनोबल को तोड़ने वाली है। भाजपा नेतृत्व को इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मंत्री को बर्खास्त करना चाहिए तथा उनके विरुद्ध देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए।

## बुजुर्गों को मिला वाकिंग स्टिक




बलौदाबाजार। सुशासन तिहार में लोगों की समस्याओं का निराकरण होने के साथ ही उन्हें सौगात व राहत भी मिल रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं ग्रामीणों के बीच पहुंचकर फीडबैक ले रहे हैं और ग्रामीणों की समस्या सुनकर त्वरित समाधान के निर्देश अधिकारियों को दे रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आगमन विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य ग्राम बल्दाक्रछार में हुआ था। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों को पेंशन एवं अन्य समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिये थे। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा बल्दाक्रछार में पेंशन हेतु शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 13 हितग्राहियों क्रो पेंशन स्वीकृत किया एवं इनमे से 5 हितग्राहियों को छड़ी प्रदान की गई। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बल्दाक्रछार निवासी मनीराम निषाद, साहूकार पटेल, खोलबहरा कमार, शिवप्रसाद चंद्राकर एवं कुंवरमति ध्रुव क्रो छड़ी प्रदान की गई। इस दौरान उप संचालक समाज कल्याण अरविन्द गेड़ाम एवं ग्राम पंचायत बल्दाक्रछार के सरपंच एवं सचिव उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### उच्च शिक्षा विभाग के अधीन होंगे बीएड महाविद्यालय

**रायपुर।** निजी महाविद्यालय संगठन ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से मुलाकात कर बीएड पाठ्यक्रम को स्कूल शिक्षा विभाग से उच्च शिक्षा विभाग में हस्तांतरित करने का निवेदन किया। संगठन ने कहा, नई शिक्षा नीति में बीएड पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालयीन शिक्षा का हिस्सा माना है। प्रदेश में अभी भी बीएड पाठ्यक्रम का संचालन स्कूल शिक्षा विभाग करता है। इसके कारण शिक्षा महाविद्यालय को तकनिकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विस अध्यक्ष ने मांगों को पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष डॉ.सुरेश शुक्ला, मोती जैन, सिद्धार्थ दास, राजीव गुप्ता, कनक जैन, धर्मेंद्र ओझा शामिल रहे।

### बीटेक पुनर्मूल्यांकन परिणाम घोषित

**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि द्वारा बीटेक पुनर्मूल्यांकन के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। सीएसवीटीयू से संबद्ध प्रदेश के सभी इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के छात्र अपने नतीजे ऑनलाइन देख सकते हैं। तृतीय और चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई है। विवि द्वारा तैयार किए गए डिजिवर्सिटी पोर्टल पर जाकर ये नतीजे देखे जा सकते हैं। पुनः पुनर्मूल्यांकन के लिए विद्यार्थी 20 मई तक आवेदन कर सकते हैं।

### डॉ. दीक्षा चौबे की एकल कुंडलिया संग्रह का विमोचन

रायपुर। सिविल लाइंस स्थित



वृंदावन हाल में राष्ट्रीय कवि संगम के बैनर तले दुर्ग की हिंदी व छत्तीसगढ़ी भाषा की छंदकारा, सृजनकार व व्याख्याता डॉ. दीक्षा चौबे के कुंडलिया संग्रह कुंडलिया कल्लोलिनी का विमोचन किया गया। पुस्तक समीक्षा डॉ. शिवकुमार श्रीवास ने प्रस्तुत की। डॉ. दीक्षा चौबे का यह तीसरा एकल संग्रह है, इसके पूर्व एक गीत संग्रह और एक कहानी संग्रह व कई साझा संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। उन्हें साहित्य के क्षेत्र में विभिन्न मंचों से सम्मानित व पुरस्कृत किया गया है तथा कई किताबों के लिए पाँच वर्ल्ड रिकॉर्ड प्राप्त हो चुके हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार व समीक्षक डॉ पीसी लाल यादव गंडई, योगेश अग्रवाल, साहित्यकार रामेश्वर शर्मा, अरुण निगम, महेश शर्मा व कमल शर्मा व विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 70 साहित्यकारों की उपस्थिति रही।

### भाजपा मंत्री विजय शाह पर एफआईआर दर्ज कराने थाना पहुंचे कांग्रेसी



**रायपुर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में राजधानी के समस्त कांग्रेसी बुधवार को रायपुर सिविल लाईन थाना में बीजेपी मंत्री विजय शाह पर एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे। इस मौके पर श्री उपाध्याय ने बताया कि बीजेपी मंत्री विजय शाह ने देश की बेटी, बहन कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है, इस मंत्री का विवादास्पद बयान पहली बार का नहीं है ऐसे कई बयान हैं जिनमें मंत्री विजय शाह विवादों से घिरे रहते हैं। उनकी यह टिप्पणी देश की जांबाज बेटी के लिए अतिअशोभनीय है। जिसकी कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है और दोषी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। मांग करने वालों में युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, कमलाकांत शुक्ला, दिनेश ठाकुर, सुरेश उपाध्याय, हनी बग्गा, बाकर अब्बास, पूजा देवांगन, अशोक ठाकुर, नवीन चन्द्राकर, शिव श्याम शुक्ला, दिनेश तिवारी, वेद प्रकाश कुशवाहा, किशनपुरी गोस्वामी, हर्षित जायसवाल, उपस्थित रहे।

# सुबह 7 बजे से होनी थी सभी परीक्षाएं, कॉलेजों ने कहा- जगह नहीं, अब कॉमर्स के पर्चे तपती दोपहरी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कॉमर्स संकाय की परीक्षाएं 12 से 3 बजे तक, अन्य विषय के पर्चे सुबह 7 से 10 बजे तक

मई-जून में पड़ने वाली भीषण गर्मी को देखते हुए रविवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं के अंतर्गत सभी विषयों की परीक्षाएं प्रातः 7 से 10 बजे तक करवाने का निर्णय लिया था। इसके लिए समय-सारिणी भी घोषित कर दी गई थी, लेकिन अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। इसके पीछे वजह जगह की कमी है। रविवि द्वारा एक ही पाली में परीक्षाएं आयोजित किए जाने के फैसले के बाद कई महाविद्यालयों द्वारा अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा गया कि उनके यहां इतनी जगह नहीं है कि वे सभी छात्रों की परीक्षाएं एक ही पाली में करवा सकें। महाविद्यालयों के अनुरोध को देखते हुए रविवि ने दो पाली में परीक्षा करवाने का निर्णय लिया है।

अब कॉमर्स की परीक्षाएं दोपहर 12 से 3 बजे तक होंगी, जबकि शेष विषयों की परीक्षाएं प्रातः 7 से 10 बजे ही होगी। हालांकि छात्रों को इस बदले हुए समय से राहत नहीं मिलेगी। अधिकतर महाविद्यालयों में पंखों के अतिरिक्त कूलर अथवा एसी की व्यवस्था नहीं है। दोपहर 12 से 3 बजे के मध्य दिन का सर्वाधिक तापमान दर्ज होता है। इन हालातों में परीक्षाएं दिलाना छात्रों के लिए चुनौतिपूर्ण रहेगा।

## रविवि द्वारा इस बार भी बदली गई सेमेस्टर परीक्षाओं की समय-सारिणी

### फिर से बदली जाएगी समय-सारिणी

रविवि द्वारा बीकॉम परीक्षाओं की समय-सारिणी फिर से बदली जा सकती है। पूर्व में सीए फाउंडेशन से टकराव के कारण समय सारिणी बदली गई, लेकिन अब सीए इंटरमीडिएट से टकराव हो रहा है। रविवि एक-दो दिनों के अंतराल में नवीन समय-सारिणी जारी करेगा। इसके अतिरिक्त पूर्व में रविवि की परीक्षाएं 28 मई से प्रारंभ हो रही थीं। अब इसकी शुरुआत 3 जून से होगी। 9 जुलाई तक रविवि की परीक्षाएं चलेंगी।



### नतीजों से पहले ही पोर्टल बंद

सेमेस्टर समय-सारिणी में बदलाव के अतिरिक्त छात्रों ने प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन तिथि बढ़ाने की भी मांग की है। सीबीएसई 12वीं कक्षा के परिणाम 13 मई को घोषित हुए हैं। वहीं रविवि अध्ययनशाला में संचालित विभिन्न स्नातक एवं एकीकृत पाठ्यक्रमों के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा की अंतिम तिथि पूर्व में ही समाप्त हो चुकी है। कई महत्वपूर्ण पाठ्यक्रमों के लिए यह अंतिम तिथि 12 मई निर्धारित थी। छात्र संगठनों ने दोबारा आवेदन पोर्टल खोलने की मांग की है।

# सड़क दुर्घटना में 13 की मौत के बाद जिम्मेदारों की नींद टूटी, 2 दिन में सौ से ज्यादा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पुलिस के साथ परिवहन विभाग की मालवाहक वाहन में यात्री परिवहन रोकने हाई लेवल मीटिंग

बलौदाबाजार मार्ग के बंगोली में चार दिन पूर्व भीषण सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत के बाद पुलिस, ट्रैफिक के साथ परिवहन विभाग ने पिछले दो दिनों में सौ से ज्यादा गाड़ियां पकड़ी हैं। ट्रैफिक पुलिस तथा परिवहन विभाग की फ्लाइंग स्क्वाड की टीम ने मालवाहक गाड़ियों में यात्री परिवहन करते पकड़ा है। मालवाहक वाहन में यात्री परिवहन रोकने डीजीपी अरुण देव गौतम तथा परिवहन विभाग के अफसरों ने पूरे दिन अपने अफसरों के साथ बैठक की। बुधवार को खरोरा, खमतराई थाना क्षेत्र में पुलिस ने जनजागरूकता अभियान चलाने के साथ लोगों के साथ बैठक की। बैठक में मालवाहन वाहन में यात्री ढोने से रोकने की समझाइश दी गई।

अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने सभी जिलों के परिवहन अफसरों को मालवाहक वाहन में सवारी ढोते पाए जाने वाले वाहन का परमिट रद्द कर वाहन जब्त करने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने शादी सीजन को देखते हुए विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में बाराती गाड़ियों की जांच कर तय संख्या से ज्यादा सवारी ले जाने तथा मालवाहक वाहन में सवारी ढोने पर सख्त कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं। पुलिस तथा परिवहन विभाग के अफसरों ने निरंतर जांच अभियान चलाए जाने के लिए कहा है।





### एसएसपी बोले सभी दस्तावेज साथ रखें

एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने मालवाहक वाहन के चालकों को अपने साथ सभी दस्तावेज साथ रख कर वाहन चलाने की समझाइश दी। इसके साथ ही एसएसपी ने वाहन चालकों को नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की समझाइश दी। साथ ही मालवाहक वाहन के मालिकों को अपने वाहन को किसी भी तरह से यात्री गाड़ी के रूप में नहीं चलाने की चेतावनी दी है।

### सौ से ज्यादा वाहन पकड़े

ट्रैफिक पुलिस तथा परिवहन विभाग की फ्लाइंग स्क्वाड की टीम ने मंगलवार तथा बुधवार को ग्रामीण क्षेत्रों में घूम-घूमकर सौ से ज्यादा मालवाहक गाड़ियां पकड़ीं। जिन गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की गई, उनका उपयोग सवारी ढोने में किया जा रहा था। परिवहन विभाग ने 30 से ज्यादा गाड़ियां जब्त कर आरटीओ में खड़ी कर दिया है।

**पैसे बचाने के लिए मालवाहक वाहन**

गांव में किसी के यहां विवाह के लिए किसी अन्य तरह का आयोजन होता है, तो वे समान्य यात्री गाड़ी बुक करने के बजाय मालवाहक वाहन बुक करते हैं। इसकी वजह उन्हें गांव में ट्रैक्टर सहित अन्य तरह के छोटे मालवाहक वाहन आसानी से मिल जाते हैं। कई ऐसे होते हैं, जिनके यहां कार्यक्रम होता है, उनके पास या अपने पड़ोसी के पास ट्रैक्टर होता है। ऐसे स्थिति में उन्हें एक जगह से दूसरी जगह जाने ट्रैक्टर या अन्य छोटे मालवाहक वाहन में केवल डीजल का खर्च लगता है।

### वाहन मालिकों को पुलिस ने दिए निर्देश

बंगोली में हुई सड़क दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए खमतराई तथा खरोरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बुधवार को जनजागरूकता अभियान चलाया। खमतराई तथा खरोरा में एक हजार के करीब लोग तथा वाहन स्वामी बैठक में शामिल हुए। खमतराई थाने की पुलिस ने वाहन मालिकों को मालवाहक वाहन में किसी भी प्रकार से सवारी नहीं ढोने के लिए शपथ पत्र भरवाया। साथ ही लोगों को किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होने जाने के लिए मालवाहक वाहन में जाने से बचने की सलाह दी।

# सर्वोदय तालाब के बाहर नाली, गंदा पानी जाने से रोकने टो वॉल बनेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- तालाब के चारों ओर बनेगा पाथवे, सौंदर्यीकरण होगा
- निगम आयुक्त ने तालाब का किया निरीक्षण

लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड के सर्वोदय तालाब में नाली का गंदा पानी जाने से रोकने चारों ओर टो वॉल बनाया जाएगा। इसके साथ ही तालाब की सफाई करायी जायेगी। आम जनता की सुविधा के लिए सर्वोदय तालाब के पार में चारों ओर आने-जाने के लिए पाथवे निर्माण भी कराया जायेगा। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने जोन 10 के अधिकारियों को इस आशय के निर्देश दिए।

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने बुधवार को जोन 10 क्षेत्र स्थित सर्वोदय तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तालाब के आसपास के घरों से प्रतिदिन निकलने वाले गंदा पानी के बहाव को तालाब में जाने से रोकने नाली बनाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने आम्रपाली सोसाइटी के पास वाले मार्ग में निरीक्षण कर नाला सफाई बारिश से पहले कराने की हिदायत जोन 10 के अधिकारियों को दी। मार्ग में कब्जा जमाकर लगाये जा रहे अवैध ठेलों और गुमटियों को हटाते हुए यातायात सुगम बनाने और गंगा डायग्नोस्टिक हास्पिटल के सामने सड़क पर वाहन पार्किंग बंद करने कहा है, ताकि मार्ग में पार्किंग के कारण सड़क यातायात बाधित होने की समस्या दूर की जा सके।

तालाब निरीक्षण के दौरान जोन 10 अध्यक्ष सचिन मेघानी, जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, उप अभियंता निवृत्ति परमार की उपस्थिति रही।

# रासेयो ने समर कैंप में बनाया मिसाइल और रामलला मंदिर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय - दतान(ख) बगबुड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा समर कैंप में पेंटिंग, माडल, पेपर क्राफ्ट, चित्रकला, डांस, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी छात्र एवं छात्राओं से करायी जा रही है।

प्रभारी प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक के मार्गदर्शन दर्शन में स्वयंसेवकों को हर दिन अलग अलग गतिविधि के माध्यम से स्वयं सेवक एवं छात्र एवं छात्राओं को सीख रहे हैं। स्वयं सेवकों द्वारा अयोध्या स्थापित मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का मंदिर एवं मिसाइल बनाया गया। समर कैंप में दिनों-दिन छात्र एवं छात्राओं की संख्या बढ़ती जा रही है। कक्षा 12वीं में उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी भी करायी जा रही हैं।

# अनियमित जीवनशैली और गलत खानपान से बिगड़ रहा स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- डॉ. रोहिणी ने कहा- हेल्दी विकल्प से भूख पर नियंत्रण और शरीर को मिलता है आवश्यक पोषण

आज की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी में अनियमित दिनचर्या और असंतुलित खानपान लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहे हैं। काम का अत्यधिक दबाव, पर्याप्त नींद की कमी और जंक फूड की ओर बढ़ता रुझान न केवल मोटापे को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि अनेक बीमारियों को भी न्योता दे रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि हम अपने भोजन के बीच-बीच में होने वाली भूख को सही ढंग से नियंत्रित करें, तो वजन घटाने की दिशा में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। इसी संबंध में पोषण विशेषज्ञ और एमबीबीएस डॉ. रोहिणी पाटिल बताती हैं कि स्नैकिंग के हेल्दी विकल्प अपनाकर न सिर्फ भूख पर नियंत्रण पाया जा सकता है, बल्कि शरीर को आवश्यक पोषण भी मिल सकता है।

डॉ. पाटिल के अनुसार, बादाम, ताजे फल और



सब्जियों जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों को सीमित मात्रा में नियमित रूप से सेवन करना फायदेमंद हो सकता है। विशेष रूप से कैलिफोर्निया आमंड्स की बात करें, तो इनमें प्रोटीन, गुड फैट, फाइबर और 15 से अधिक आवश्यक पोषक तत्व होते हैं। ये लंबे समय तक पेट भरा हुआ रखने में सहायक होते हैं और बार-बार खाने की इच्छा को नियंत्रित करते हैं।

बादाम के सेवन के कई लाभ हैं यह दिल और त्वचा के लिए लाभकारी है, भूख शांत करता है और संतुष्टि की भावना देता है। इन्हें स्मूदी में मिलाकर, सलाद के साथ या मसालेदार भुने हुए रूप में खाया जा सकता है। यदि हम दिनचर्या में संतुलन और खानपान में समझदारी लाएं, तो वजन नियंत्रण और बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त करना कोई मुश्किल कार्य नहीं है। हेल्दी स्नैकिंग न केवल एक विकल्प है, बल्कि यह एक ज़रूरी आदत भी बननी चाहिए।

# घायल युवक को बचाने ट्रस्ट के सदस्य ने किया रक्तदान



**बलौदाबाजार।** भारत माता सेवा ट्रस्ट के सौजन्य से सड़क दुर्घटना में घायल भांठागांव निवासी योगेश दास मानिकपुरी (कचरू) के लिए दो यूनिट रक्तदान किया गया। पीड़ित के परिजनों के आह्वान पर ट्रस्ट के सदस्य रवि कुमार कुर्मी एवं धीरपाल साहू ग्राम सेम्हराडीह ने जिला अस्पताल में रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया।रक्तदान के इस पुनीत कार्य पर ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसू लाल धुरंधर ने दोनों युवाओं की सराहना करते हुए उन्हें साधुवाद दिया। उन्होंने रक्तदान को 'महादान' और 'जीवनदान' की संज्ञा देते हुए युवाओं से अपील की कि वे आपातकालीन परिस्थितियों में निःसंकोच आगे आकर रक्तदान करें। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक नीरज परगनिहा, सोहन साहू, डॉ. अशोक वर्मा, टेक्नीशियन राजेन्द्र धीरहे एवं वर्षा बघेल उपस्थित थे। भारत माता सेवा ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर जरूरतमंदों के लिए रक्तदान, सेवा कार्य एवं सामाजिक योगदान दिया जाता रहा है। ट्रस्ट का उद्देश्य सामाजिक सहयोग और मानवीय सेवा को बढ़ावा देना है।

# नगर निगम की जोन कमिश्नरी में आएंगे डिप्टी कलेक्टर रैंक के अधिकारी

- तहसीलदार तुलसी राठौर की जोन कमिश्नर के रूप में पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के दस जोन कमिश्नरी में डिप्टी कलेक्टर रैंक के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति हो सकती है। राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों को नगर निगम के जोन कमिश्नरी में बैठाने की तैयारी है। सूत्रों के मुताबिक रायपुर नगर निगम में ही राज्य प्रशासनिक सेवा के 15 अधिकारी आ सकते हैं। निगम में अभी जोन कमिश्नर के रूप में नगर पालिका सेवा के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

दरअसल, नई प्रशासनिक व्यवस्था के तहत नगर निगम रायपुर, दुर्ग, भिलाई और बिलासपुर में राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों को बैठाने की तैयारी चल रही है। अपर आयुक्त के पद पर भी बदलाव हो सकता है। नगर निगम के दस जोन में जोन कमिश्नर के रूप में डिप्टी कलेक्टर रैंक के अधिकारियों की प्रतिनियुक्त हो सकती है। विदित हो कि प्रदेश के सबसे बड़े नगर निगम में अभी राज्य प्रशासनिक सेवा से अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल,



राजेंद्र प्रसाद गुप्ता और उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा काम कर रही हैं। इनमें से श्री गुप्ता की सेवानिवृत्ति सितंबर में हो जाएगी।

### नगरीय प्रशासन संचालनालय ने भेजा था प्रस्ताव

सूत्रों के मुताबिक इसका प्रस्ताव नगरीय प्रशासन संचालनालय ने 21 अप्रैल को अवर सचिव नगरीय प्रशासन विभाग को भेजा था। पत्र में राज्य प्रशासनिक सेवा के 25 अधिकारियों की मांग की गई है। इन अधिकारियों को अपर आयुक्त, जोन आयुक्त और उपायुक्त के पद पर पदस्थ किया जाएगा। संचालनालय ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से इस फेरबदल को जरूरी बताया है।

### तहसीलदार तुलसी राठौर की जोन कमिश्नर के रूप में पदस्थापना

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में रायपुर में पदस्थ तहसीलदार तुलसी राठौर की जोन कमिश्नर के रूप में नई पदस्थापना दी गयी है। निगम आयुक्त विश्वदीप अब किस जोन की जिम्मेदारी उन्हें देते हैं, यह तय होना अभी बाकी है। बताते चलें कि रायपुर नगर निगम के 10 जोन की कमिश्नरी में अभी नगर पंचायत, नगर पालिका स्तर के सीएमओ लेवल के अधिकारियों के साथ एक इंजीनियर और राजस्व अधिकारी काम कर रहे हैं।

### तत्कालीन निगम आयुक्त ओपी चौधरी के समय हुई थी शुरुआत

जानकारों का कहना है रायपुर नगर निगम में इसकी शुरुआत तत्कालीन नगर निगम आयुक्त ओपी चौधरी के समय हुई थी। तब तारनप्रकाश सिन्हा और उसके बाद पुलक भट्टाचार्य की नियुक्ति साथ हुई थी। इनके बाद अरविंद शर्मा नगर निगम में उपायुक्त राजस्व के पद पर नियुक्त हुये थे। इनमें से तारनप्रकाश सिन्हा ने बाद में निगम आयुक्त के रूप में यहां काम किया था।

# प्रदेश की 146 गांवों को मिली आयुष ग्राम की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम चरण में 146 ग्रामों को 'आयुष ग्राम' के रूप में चिन्हित किया गया है। इन गांव में आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूल शिक्षकों, स्व-सहायता समूहों और जन प्रतिनिधियों की भागीदारी से स्वास्थ्य जागरूकता को जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। योजना के तहत ग्रामवासियों को पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से जोड़ने के लिए औषधीय पौधों की खेती, उनके घरेलू उपयोग, योग, प्राणायाम और प्राकृतिक चिकित्सा को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने हेतु नियमित कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस पहल के माध्यम से सरकार का लक्ष्य ग्रामीण इलाकों में आयुष की पहुंच सुनिश्चित करना और भारत की प्राचीन चिकित्सा विधाओं को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। इन मेलों के माध्यम से लोगों को निशुल्क परामर्श, औषधि वितरण और जीवनशैली सुधार संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।



### आज होगा जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला

**रायपुर।** आयुष संचालनालय के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी रायपुर के मार्गदर्शन में निशुल्क जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन पटेल विद्या मंदिर परिसर, महमाई पारा, पुरानी बस्ती में 16 मई को सुबह 10 बजे से 4 बजे तक किया जाएगा। उक्त शिविर में विभिन्न रोगों के चिकित्सा परामर्श के लिए आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, तथा प्राकृतिक एवं योग चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विद्यार्थियों को दी विदाई

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ संध्या भोई के संरक्षण व मार्गदर्शन में स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। जिसमें सहायक प्राध्यापक डॉ चंद्रिका चौधरी, सहायक प्राध्यापक अनिल तांडी और आरती साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. संध्या भोई ने बच्चों को जीवन के मूल्यों के बारे में बताया साथ ही उन्होंने कहा कि सिर्फ नेट, सेट या जेआरएफ कर लेने कुछ नहीं होता जब तक अपने उद्देश्य की प्राप्ति न कर लो तब तक निरंतरता बनाए रखना बहुत ही आवश्यक होता है, साथ की प्राचार्य मैम ने चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को उनके आगामी भविष्य व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. चंद्रिका चौधरी ने विदाई को कुछ समय के लिए बताया क्योंकि महाविद्यालय को शोध केंद्र की मान्यता मिल जाने पर यही विद्यार्थी पुनः इसी महाविद्यालय में शोध कर सकेंगे। चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भी महाविद्यालय में बिताए पलों को याद कर अपने कनिष्ठों के समक्ष अपना अनुभव साझा किया।

### गुड शेफर्ड में बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्साहवर्धक

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम उत्साहवर्धक रहा। कक्षा पांचवीं में अंकित प्रधान ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सिद्धांत पाठक ने 95% प्राप्त कर द्वितीय स्थान, श्रेया ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं में बालिकाओं ने बाजी मारी डिंपल सोनकर ने 97% प्रथम स्थान, कशिश खान 96% द्वितीय स्थान निशा टंडन ने 95% हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं में भी बालिकाओं ने परचम लहराया शहनाज़ बानो ने 93% प्रथम स्थान, दीपांशी मानिकपुरी ने 91.3%, वैष्णवी कन्नौजे ने 88.1% हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं में विज्ञान संकाय में तृप्ति साहू ने 88.2%, प्रथम स्थान,वरूण ढीढी ने 84.2% द्वितीय स्थान, मोहम्मद अयान ने 75.8% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पेज 11 का शेष

### सुशासन तिहार : ..

चंद्राकर द्वारा मरीजों से दुर्व्यवहार एवं कार्य सही तरीक़े से न करने की शिकायत प्राप्त हुई। पलारी में ही ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (पुरुष) परदेशी वर्मा द्वारा अवैध प्राइवेट क्लीनिक का संचालन की शिकायत सुशासन तिहार में प्राप्त हुई थी, जिस पर जांच की गई। विकासखण्ड भाटापारा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर धनेली में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला) तेजेश्वरी साहू एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी हीना वर्मा द्वारा मरीजों से अनुचित व्यवहार एवं दवा वितरण में लापरवाही की शिकायत सुशासन तिहार में प्राप्त हुई। उक्त चारों शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए सीएमएचओ ने संबंधित स्वास्थ्य कर्मचारियों को चरित्रावली चेतावनी पत्र जारी करते हुए भविष्य में ऐसी लापरवाही और अनुशासनहीनता पर कठोर कार्रवाई के लिए कहा है।

# अमेठी के ग्रामीणों ने उठाई पुल और मोहान में तटबंध निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी



विकासखंड के ग्राम अमेठी में महानदी पर पुल निर्माण और बोदा-मोहान गांव में तटबंध की वर्षों पुरानी मांग को जनहित में पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। उक्त बातें जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से दोनों कार्यों की मांग करते आ रही है। आज से डेढ़ वर्ष वर्ष पूर्व पूर्ववर्ती सरकार में ग्राम ओडान में भेंट मुलाक़ात के दौरान मुख्यमंत्री के रूप में जनता की मांग पर भूपेश बघेल ने अमेठी में पुल निर्माण और मोहान में तटबंध निर्माण करने की घोषणा की थी। इसके लिये प्रशासनिक स्तर पर स्थल निरीक्षण कर कार्य योजना बनाने की तैयारी भी शुरू की गई थी, लेकिन सरकार बदलते ही दोनों कार्य ठंडे बस्ते में चले गया है। कई बार सामूहिक रूप से कांग्रेस भाजपा के लोगों द्वारा दोनों कार्यों की मांग बड़े नेताओं से भी कर चुके हैं। दोनों कार्य क्षेत्र के जनता की बड़ी मांग है। पिछली सरकार में किए गए घोषणाओं को राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को छोड़कर जनता के हित के लिए कौन सा कार्य सही मायनों में जरुरी है, इस दिशा में कार्य करने से जनता का भला होगा और साथ ही कार्य को अमलीजामा पहनाने वाले का भी नाम होगा और श्रेय भी मिलेगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने की थी तटबंध और अमेठी में पुल निर्माण की घोषणा

### बरसात में डूब जाता है अमेठी का एनीकट

पूर्व जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने बताया कि अमेठी में महानदी पर पुल बनाया जाना इसलिए जरुरी है कि बरसात के दिनों में अमेठी एनीकट जर्जर हो गया है, जो डूब जाता है, जिससे कसडोल विकासखंड के अनेक गांव का संपर्क रोहांसी पलारी बलौदाबाजार और संडी जैसे व्यापारिक कस्बों से टूट जाता है। इस कारण व्यापार या अन्य निजी कार्य के लिए लोगों को सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय कर कसडोल तरफ़ से घूम कर आना पड़ता है। अमेठी घाट में पुल निर्माण कर दिये जाने से प्रसिद्ध ऐतिहासिक धरोहर सिरपुर और बारनवापारा अभ्यारण्य जाने के लिए सुविधा होगी।

### महानदी में स्थित एनिकट ही आवागमन का है साधन

वर्तमान में अमेठी महानदी में स्थित एनिकट ही आवागमन का साधन है, जो अत्यंत जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है और जगह-जगह से टूटने लगा है। बरसात के समय अमेठी ऐनिकट नदी में पानी आने के कारण डूब जाता है। इसी तरह महानदी के किनारे बसा गांव मोहान महानदी में हर साल होने वाले कटाव के कारण अपने अस्तित्त्व के लिए संघर्ष कर रहा है। पहले नदी से गांव की दूरी लगभग आधा किलोमीटर की थी, लेकिन हर साल हो रहे कटाव के कारण नदी का किनारा अब बिलकुल गांव के समीप आ गया है, जिससे गांव वाले विगत कुछ सालों से बेहद चिंतित है। लगातार हो रहे कटाव के कारण गांव का मैदान लगभग खत्म हो गया है। हर साल बाढ़ के समय नदी में तट का एक बड़ा हिस्सा टूट कर गिर जाता है, जिससे ग्रामवासी बरसात लगते ही चिंतित होने लगते हैं। यदि कटाव को रोकने कोई उचित प्रबंध नहीं किया गया तो कुछ सालों में गांव के मकान भी कटाव से प्रभावित होकर नदी में डूब जाएंगे। वहां के निवासियों द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों से नदी के कटाव को रोकने नदी पर तटबंध निर्माण करने की मांग लगातार करते आ रहे हैं।





## अनदेखी : अब दूसरे गांवों या निजी स्रोतों से पानी खरीदना पड़ रहा

# झीपन में गहराया पेयजल संकट, ग्रामीण 100 से 150 रुपए में खरीद रहे पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुहेला

क्षेत्र के झीपन गांव में इन दिनों पानी की भीषण किल्लत से लोग परेशान हैं। पिछले दो महीनों से गांव में पीने के पानी की नियमित आपूर्ति नहीं हो रही है, जिससे ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि लोगों को प्रतिदिन 100 से 150 तक खर्च कर दूसरे गांवों या निजी स्त्रोतों से पानी खरीदना पड़ रहा है।

गांव के लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा प्रतिदिन केवल दो टैंकर पानी भेजे जा रहा हैं, जो गांव की बढ़ता जनसंख्या और जरूरतों के मुकाबले नाकाफी हैं। एक टैंकर से बमुश्किल कुछ ही घरों को पानी मिल पाता है, जिन घरों में यह टैंकर नहीं पहुंच पाता, उन्हें मजबूरी में बाजार से पानी खरीदना पड़ रहा है।

पानी की इस समस्या ने ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। गांव में निस्तार (नहाने, कपड़े धोने आदि) के लिए भी पानी उपलब्ध नहीं है। हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि लोग नहाने और अन्य कार्यों के लिए आसपास के दूसरे गांवों में जा रहे हैं। कुछ लोग अपने जानवरों को भी पानी न मिलने के कारण बेचने या कहीं और भेजने को मजबूर हो गए हैं।

### आसपास के प्राकृतिक जल स्रोत सूखे

स्थानीय लोगों ने इस समस्या के पीछे गांव के पास स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट की माइंस को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि माइंस में जल स्तर पूरी तरह से नीचे चला गया है और आसपास के प्राकृतिक जल स्रोत भी सूख गए हैं। इससे भूजल स्तर में भारी गिरावट आई है, जिससे गांव में हैंडपंप और कुएं तक सूख गए हैं। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि यह पहली बार है, जब झीपन गांव में पानी की इतनी भयावह स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने बताया कि पहले गांव में कुएं, बावड़ियां और हैंडपंपों से पानी की आपूर्ति होती थी, लेकिन अब इनमें से अधिकांश स्रोत सूख चुके हैं।







### ग्रामीणों ने उठाई ट्यूबवेल की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि इस संकट का तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने गांव में और अधिक पानी के टैंकर भेजने, स्थायी जल स्रोतों की मरम्मत तथा ट्यूबवेल या बोरवेल खुदवाने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने अल्ट्राटेक प्लांट प्रबंधन से भी अनुरोध किया है कि वे गांव की पानी समस्या को गंभीरता से लेते हुए सहयोग करें।यदि जल्द ही इस समस्या का हल नहीं निकाला गया, तो ग्रामीणों का कहना है कि वे पानी जैसी बुनियादी आवश्यकता की कमी से उनकी जिंदगी संकट में पड़ गई है। प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे लोगों में नाराजगी और निराशा दोनों देखने को मिल रही है।

### 500 फीट में भी नहीं निकल रहा पानी

ग्रामीण जितेंद्र ने बताया कि पानी की ऐसी समस्या लाइफ में पहली बार गांव में देखा है, पहले 70 सेव 80 फीट बोर खोदाई में पानी निकलता था अभी तो 500 फीट में भी नहीं निकलता है, समस्या जनवरी, फरवरी से ही प्रारंभ हो गई है मेन रीजन गांव के पास अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट का माइंस है, जिसके पानी को दिसंबर में फेक दिया है, वहीं है श्रोत बोर के लिए जो श्रोत बनता था खाली कर दिया है, गहरीकरण के लिए तभी से परेशानी हो रही है। डोमेन ने बताया गांव में केवल 2 टैंकर आता है। पानी को अन्य से 100 प्रति घर से खरीदते हैं। नहाने के लिए 6 किलोमीटर सुहेला थाना डबरी जाते हैं। लाइट बंद होने पर सुहेला से डब्बा लेकर पानी लेने जाते हैं महिलाओं के लिए बहुत समस्या हो रहीं है। झीपन सरपंच संतोष वर्मा से संबंधित विषय पर जानकारी के लिए फोन करने पर फोन नहीं उठाया गया।

# फिल्टर प्लांट परिसर में बनेगा सीसी रोड, भूमिपूजन हुआ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत फ़िल्टर प्लांट परिसर में 50.13 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड, शेड निर्माण एवं नाली निर्माण जैसे बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति गोविंद पटेल, मनीष मिश्रा, सतीश तलरेजा, पार्षद भुवन सिंह ठाकुर, उमा शंकर वर्मा, श्रेणिक गोलछा, कीर्तन जायसवाल, सतीश साहू, बंटी टंडन, नंदू वैष्णव, बब्बू मंधान, प्रतेश राठौड़, गेन्दू साहू, दशरथ साहू, संजय बंजारे, शुभम राजपूत, गोवर्धन डहरिया, मनीष पंजवानी एवं देवेंद्र साहू की उपस्थिति रही।साथ ही पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश रात्रे, भाजपा जिला महामंत्री राकेश तिवारी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष सुनील यदु, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, चेम्बर ऑफ कॉमर्स से श्रीचंद छाबड़िया, सुभाष भट्टर, गिरधर गोविंदनी, एवं महिला मोर्चा से आएशा खान, नीरा साहू, मधु सोनी, तनुजा धृतलहरे व अंजनी जायसवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह भूमिपूजन नगर के सतत विकास, नागरिक सुविधा विस्तार एवं स्वच्छता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे भाटापारा के नागरिकों को आधुनिक और सुदृढ़ आधारभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी।

### मूलभूत सुविधाओं के लिए महत्वपूर्ण कदम : अश्वनी शर्मा

यह भूमिपूजन कार्यक्रम भाटापारा नगर की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीसी रोड, शेड निर्माण एवं नाली निर्माण जैसे बहुप्रतीक्षित कार्यों की शुरुआत से नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा, स्वच्छता और टिकाऊ संरचना का लाभ मिलेगा। हमारा निरंतर प्रयास है कि नगर में जनसुविधाओं का विस्तार हो और विकास हर वार्ड तक पहुंचे।

### सर्वांगीण विकास की पहल : शिवरतन

भाटापारा नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में यह भूमिपूजन कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 50.13 लाख की लागत से प्रस्तावित सीसी रोड, शेड एवं नाली निर्माण जैसे कार्य न केवल नगर की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करेंगे, बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधा और स्वच्छ परिवेश भी प्रदान करेंगे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है।

# सड़क दुर्घटना के पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचा साहू संघ



**पलारी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू, बलौदाबाजार जिला साहू संघ के अध्यक्ष सुनील साहू व समाज के प्रतिनिधि मंडल ने हाल ही में सड़क दुर्घटना में मृतक एवं घायल हुए साहू परिवार के सदस्यों के घर ग्राम चटोद पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और पीड़ित परिवारों का हालचाल जाना।

इस दुखद समय पर प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने शोक संतप्त परिवारों को ढांढस बंधाया और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने दुर्घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि पूरा साहू समाज इस दुःख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है।

जिलाध्यक्ष सुनील साहू ने कहा इस दुख की घड़ी में समाज आपके साथ तथा हरसंभव मदद की बात कहते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस अवसर पर रोहांसी परिक्षेत्र अध्यक्ष सीतापार साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिकगण उपस्थित थे।

# शिव महापुराण कथा में गूंजे भक्ति के स्वर, शिव-पार्वती विवाह हुआ

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** ग्राम ठेलकी में आयोजित शिव महापुराण कथा ने श्रद्धालुओं को भक्ति और आस्था के सागर में डुबो दिया। यह भव्य आयोजन स्व. मिलऊराम दरियाखड़ एवं पूर्वजों की स्मृति में दुधाधारी मठ, खेलकी बाड़ा में किया गया।





कथा वाचन के दौरान पं. रविकांत तिवारी ने रूद्र संहिता, नारद मोह कथा, शिव-सती चरित्र एवं शिव-पार्वती विवाह के प्रसंगों का सुंदर एवं भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तगण भाव-विभोर होकर झूम उठे। उन्होंने बताया कि यह भगवान शंकर के नेत्रों से निकली जलबिंदु से उत्पन्न हुआ है, जिसका सदुपयोग ज्ञान, भक्ति, वैराग्य और मुक्ति की प्राप्ति में सहायक होता है। कथा के अगले चरण में तारकासुर वध हेतु भगवान कार्तिकेय के जन्म, माता पार्वती के लिए कुबेर एवं देवशिल्पी विश्वकर्मा द्वारा स्वर्ण महल निर्माण तथा रावण को ब्राह्मण रूप में विवाह पूजा हेतु आमंत्रित करने की रोचक कथा सुनाई गई। इस दौरान गणेश और कार्तिकेय के बीच पृथ्वी की परिक्रमा प्रतियोगिता का वर्णन करते हुए पं. तिवारी ने बताया कि भगवान गणेश ने बुद्धि का प्रयोग करते हुए माता-पिता की परिक्रमा को ही पृथ्वी की परिक्रमा मानकर श्रेष्ठता सिद्ध की, जिससे प्रसन्न होकर प्रजापति ने गणेश जी का विवाह विश्वरूप की कन्याओं रिद्धि और सिद्धि से संपन्न कराया। श्रद्धालु कथा के हर प्रसंग में भाव-विभोर होते रहे।

## ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मिला सशक्त आधार

# संयंत्र ने महिलाओं के लिए आयोजित किया स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) पहल स्वस्थ भारत के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के रिस्दा सीमेंट प्लांट में महिलाओं के लिए एक मासिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। यह शिविर छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्रोजेक्ट तारा के अंतर्गत आयोजित किया गया।

इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में रहने वाली गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है। शिविर में मातृ स्वास्थ्य, पुरानी बीमारियों की समय पर पहचान, स्वच्छता जागरूकता और पोषण शिक्षा जैसे अहम विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया।शिविर की प्रक्रिया में पंजीयन, बायोमेट्रिक स्क्रीनिंग (जैसे वजन, ऊंचाई, रक्तचाप और शुगर जांच), आवश्यक लैब परीक्षण और स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा परामर्श शामिल था। चिकित्सा जांच के उपरांत महिलाओं को निःशुल्क दवाइयां और पोषण किट भी प्रदान की गईं।






यह शिविर रिस्दा सीमेंट प्लांट के आसपास के 8 से 10 गांवों जैसे रिस्दा, कुकुरदी, ढंढनी, परसाभादर, सेमराडीह, कोकड़ी, भाटागांव, ठेलकी, चंपा, सैहा, दशरमा, खैरवरडीह और करमांधी की महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित करता है।

पिछले वर्ष आयोजित कुल 22 स्वास्थ्य शिविरों से 3,400 से अधिक ग्रामीण महिलाओं को लाभ प्राप्त हुआ। इन शिविरों के प्रभाव से रिस्दा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 100 प्रतिशत सुपरवाइज्ड डिलीवरी सुनिश्चित की जा सकी है। इससे आसपास के 22 गांवों को कवर करते हुए निःशुल्क प्रसव सेवाएं उपलब्ध हुई हैं, जिससे कम और मध्यम आय वाले परिवारों को आर्थिक राहत मिली है।

# पीएमश्री में प्रवेश के लिए निकाली गई लॉटरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल




पीएमश्री स्कूल में प्रवेश के लिए गुरुवार को लॉटरी निकाली गई। नगर पंचायत कसडोल में संचालित पीएमश्री स्कूल में नए सत्र में भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसके लिए लॉटरी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम रामरतन दुबे, तहसीलदार विवेक पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कमलेश साहू, मुख्य नगर पालिका नगर पंचायत मनीष कुमार वारे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत देवांगन और शाला विकास समिति के अध्यक्ष गणेश शंकर साहू सहित अभिभावक उपस्थित हुए। कार्यक्रम में पीएमश्री स्कूल के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों एवं पालकगणों का स्वागत अभिनंदन किया तथा प्रवेश प्रक्रिया की नियमावली की जानकारी दी। इसके बाद सभी अभिभावकों के बीच लॉटरी निकाली गई। इसमें कक्षा पहली से लेकर सातवीं तक रिक्त सीटों के अनुसार लॉटरी निकाली गई। शासन के आदेशानुसार कक्षा पहली में कुल 50 सीट निर्धारित है, जिसमें से 2 सीट महतारी दुलार योजना हेतु आरक्षित है। भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगा गया था, जिसमें कक्षा पहली हेतु कुल आवेदन 93 पात्र 87 जिसमें 48 बच्चों के नाम से लॉटरी निकाला गया। 24 छात्रा 24 छात्र के लिए जिसमें बीपीएल और एपीएल दोनों को अलग-अलग लॉटरी में निकाला गया।

इसी तरह कक्षा दूसरी के लिए 1 सीट रिक्त थी, जिसमें कुल आवेदन 30, पात्र19, कक्षा तीसरी हेतु रिक्त सीट 2 कुल आवेदन 16- पात्र आवेदन 8, चौथी हेतु रिक्त सीट 3- आवेदन 22- पात्र 17, कक्षा पांचवी हेतु रिक्त सीट 1 कुल आवेदन 21- पात्र 12, कक्षा छठवीं हेतु रिक्त सीट 4 कुल आवेदन 30-पात्र आवेदन 20, कक्षा सातवीं हेतु रिक्त सीट 6- कुल आवेदन 11- पात्र आवेदन 7 प्राप्त हुए।

## खबर संक्षेप

### परिवार के बिना जीवन संभव नहीं : मुकेश

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया गया संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा परिवार बिना जीवन जीना असंभव है। परिवार ही समाज के साथ हमें जोड़ता है। आगे बढने के लिए प्रेरणा देता है। बुरे से बुरे वक्त में हमारे साथ खड़ा रहता है। इंसानों को जीवन के हर मोड़ पर परिवार की जरूरत होते है। ऐसे में परिवार से संबंधित मुद्दों के प्रति लोगों को जागरूकर करने के उद्देश्य से हर साल 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है।

### मेघना की सफलता से समाज में हर्ष

**महासमुंद।** ग्राम लभरा कला निवासी हुलास गिरि गोस्वामी की सुपुत्री मेघना गोस्वामी ने जो चंद्रोदय पब्लिक स्कूल महासमुंद की छात्रा है, सीबीएसई की बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की है। मेघना की इस सफलता पर गोस्वामी समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, उपाध्यक्ष रामेंद्र प्रकाश गिरि, शंकर पुरी, विजय पुरी, धीरेन्द्र गिरि, डिगेंद्र गिरि, ओमप्रकाश पुरी, देवेश गिरि, भोज गिरि, यशवंत गिरि, अर्जुन गिरि आदि पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया है।

### मीना वर्मा बनीं भाजपा की शहर महामंत्री

**महासमुंद।** जिला संगठन की अनुशंसा पर वरिष्ठ भाजपाई एवं 4 बार पार्षद रही मीना वर्मा को भाजपा शहर मंडल की कार्यकारिणी में शहर मंडल का महामंत्री नियुक्त किया गया है। मंडल में पहली बार मीना वर्मा के रूप में महिला महामंत्री की नियुक्ति होने से भाजपा की महिला कार्यकर्ताओ में हर्ष और उत्साह का माहौल है। नवनियुक्त महामंत्री पूर्व वरिष्ठ पार्षद मीना वर्मा ने अपने नियुक्ति के लिए सांसद रूपकुमारी चौधरीं,जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विधायकद्वय योगेश्वर राजू सिन्हा,संपत अग्रवाल, जिला भाजपा महामंत्री प्रदीप चंद्राकर सहित भाजपा के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

### खुशबू नंद को महासमुंद जिले में 6वां स्थान

**सरायपाली।** अर्पित शिक्षा समिति द्वारा संचालित इवास वुडलैंड हायर सेकंडरी स्कूल मे कक्षा 10वीं में 22 विद्यार्थियों में से 19 विद्यार्थी प्रथम एवं 3 विद्यार्थी द्वितीय स्थान प्राप्त किए एवं कक्षा 12वीं मे 24 विद्यार्थियों में से 17 विद्यार्थी प्रथम एवं 4 विद्यार्थी द्वितीय स्थान प्राप्त किए। स्कूल में दसवीं से टॉप करने वाले बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों में खुशबू नंद 96.83 प्रतिशत, आयशा बानो 92.5, भूमि सिंह 91, प्रियांशी पटेल 91, शाहिना परवीन 90.16, गायत्री पटेल 89, संतु कुमार 87.83, दीप्ती सेन 87.66, बिंदुलता सोनी 86.83, मासूमा बानो 86.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## निधन

### फेरहु राम साहू



**खरोरा।** ग्राम बुडगहन निवासी 82 वर्षीय फेरहु राम साहू का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में ग्रामीण सहित बड़ी संख्या लोगों मे शामिल हुए। इस कार्यक्रम में चोवाराम, गोपाल चंद्रिका, रेखीराम, खेमलाल सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

### डोमार सिंह पैकरा



**रवान।** ग्राम करमदा निवासी सेवानिवृत शिक्षक डोमार सिंह पैकरा का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वे खेलावन सिंह पैकरा पूर्व सरपंच के बड़े भाई और उदय सिंह पैकरा के पिता थे। उनके सम्मान में 17 मई को करमदा में पंडवानी भजन का कार्यक्रम रखा गया है।

**कार्यशाला : शासकीय प्राथमिक विद्यालय नंदनिया में 15 दिवसीय समर कैंप का समापन**

# समर कैंप में बच्चों ने सीखी विभिन्न कलाकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल





विकासखंड के शासकीय प्राथमिक विद्यालय नंदनिया द्वारा सीखना-सिखाना केंद्र के अंतर्गत 25 अप्रैल से 13 मई तक 15 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। यह आयोजन गर्मी को ध्यान में रखकर प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के सहयोग से गांव के बीच सामुदायिक भवन में रखा गया था। इस अवसर पर मध्यान्ह भोजन बन्द होने के कारण अजीम प्रेमजी फाउंडेशन कसडोल द्वारा बच्चों को प्रतिदिन बिस्किट वितरण की गई। इस समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमताओं को विकसित करना और गर्मियों की छुट्टियों को ज्ञानवर्धक एवं आनंददायक बनाना था।

शिविर के दौरान बच्चों ने पांच शब्दों से कहानी लेखन, हस्तपुस्तिका निर्माण, बाल गीत, बाल अखबार, कागज से गुड़यिा का निर्माण, मकान, सोफा निर्माण एवं मिट्टी से आकृति निर्माण, चिड़यिा का घोसला अंडा निर्माण, हैंड प्रिंटिंग, थम्ब प्रिंटिंग, धागा से आकृति, सीड बॉल निर्माण, शब्दों में मात्रात्मक त्रुटि रोकने सुधार पत्रक निर्माण, कहानी पर रोल प्ले, पत्तियों से विभिन्न आकृति निर्माण, एवं गणितीय संक्रिया के अंतर्गत स्थानीय मान, इकाई दहाई की समझ, तराजू बनाकर हाट बाजार लगाकर लेन देन कर भार, लाभ-हानि एवं रुपये की समझ आदि कई रोचक गतिविधियों में भाग लिया। इन गतिविधियों ने न केवल बच्चों की सृजनात्मकता को निखारा, बल्कि उन्हें समूह में कार्य करने, सोचने और अपने विचारों को अभिव्यक्त करने का अवसर भी प्रदान किया।

शिविर का नेतृत्व प्रधानपाठक अशोक कुमार वर्मा एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन कसडोल के नरेंद्र नंद के मार्गदर्शन में हुआ। सहयोगी के रूप में लोकनाथ बरिहा, रामधनी पैकरा शिक्षक एवं स्वयंसेवी शिक्षक गायत्री पैकरा, आरती विश्वकर्मा, निर्जला पैकरा एवं अनिता यादव प्रतिदिन उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। समर कैंप के अंतिम दिन समापन समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच सत्यभावना यादव, अध्यक्षता उमा पैकरा अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि मनमोहन साय नोडल प्राचार्य सेजेस बोरसी एवं एसपी साहू सेवानिवृत्त प्रधान पाठक थे।

### बच्चों ने बनाई गई सामग्रियों और गतिविधियों का प्रदर्शन किया

समारोह में बच्चों ने अपनी बनाई गई सामग्रियों और सीखी गई गतिविधियों का प्रदर्शन किया। साथ ही कहानी, कविता पर रोल प्ले एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसे अभिभावकों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने सराहा। एसपी साहू ने समर कैम्प में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं सीखने की प्रक्रिया को सतत बनाये रखने के साथ जीवन में अनुशासन की महत्ता पर प्रकाश डाला। समापन भाषण में प्रधान पाठक अशोक वर्मा ने समर कैम्प की महत्ता पर प्रकाश डाला। जिन बच्चों का स्तर की पहचान की है उन्हें इस सत्र पहली प्रथमिकता में भाषा व गणित के बुनियादी कौशल पर फोकस करेंगे। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के नरेंद्र कुमार ने बताया समर कैम्प के माध्यम से सीखने की निरंतरता को बनाये रखना स्कूल प्रक्रिया में मौखिक अभिव्यक्ति के साथ सीखने में लाभकारी होगा। इस अवसर पर जन समुदाय बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### छात्रों को पेन और केला भेंट

नोडल प्राचार्य ने छात्रों को पेन और केला भेंट किये। अंत में अतिथियों द्वारा बच्चों को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किया गया।यह समर कैंप बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव रहा, जिसने उनके सीखने की प्रक्रिया को रोचक और जीवनोपयोगी बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भागीरथी पैकरा, सुखी पैकरा, मनोज चौहान, धनेश्वरी चौहान एवं समस्त पंचों का सहयोग मिला। आभार प्रदर्शन रामधनी पैकरा ने किया।

# छात्र ड्रोन टेक्नोलॉजी को अपना कैरियर बनाये



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

- कॉलेज में विंग्स ऑफ टुमारो विषय पर व्याख्यान हुआ

स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय में विज्ञान संकाय द्वारा विंग्स ऑफ टुमारो विषय पर व्याख्यान रखा गया। इसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में डॉ. अरुणा राणा प्रोफेसर रायपुर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शम्पा चौबे के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने छात्र-छात्राओं को ड्रोन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र को समझने एवं कैरियर बनाने प्रेरित करते हुए शुभकामनाएं दी। मुख्य वक्ता डॉ. अरुणा राणा ने अपने वक्तव्य में ड्रोन टेक्नोलॉजी के बारीकियों को समझाते हुए ड्रोन टेक्नोलॉजी का विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, सिनेमैटोग्राफ़ी, रक्षा क्षेत्र आदि में उपयोग को उदाहरणपूर्वक बताया। डॉ. राणा ने छात्र-छात्राओं को ड्रोन के क्षेत्र में रोजगार के नये अवसर के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में चल रहे ड्रोन पायलट लाइसेंस कोर्स की जानकारी दी। जहां बच्चे कोर्स कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. राणा ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के ड्रोन को ऑपरेट कर बच्चों को उसकी प्रक्रिया से अवगत कराया। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ प्राध्यापक रमेश कुमार साहू के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

### सशिमं में आचार्यों का साक्षात्कार हुआ



खरोरा। सस्वती शिशु मंदिर तरपोंगी में गजेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में नवीन आचार्यों का साक्षात्कार हुआ। नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व नवीन आचार्यों का साक्षात्कार ग्राम भारती जिला रायपुर के अध्यक्ष पुनाराम वर्मा, कोषाध्यक्ष डोमार वर्मा, समिति के अध्यक्ष गजेंद्र वर्मा, सहसचिव मेघा वर्मा, कोषाध्यक्ष तुलसी राम वर्मा, समिति सदस्य शिव हनुमंता, प्रधानाचार्य तुलसी वर्मा, वरिष्ठ शिक्षक संध्या महानन्दे के सानिध्य में पांच अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन दिया गया था उसमे से तीन नवीन आचार्यों का चयन किया गया।

# कांग्रेस की मजबूती का बड़ा आधार है कार्यकर्ता : विधायक साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- कांग्रेस की ब्लाक स्तरीय बैठक में विधायक ने जिले में संगठनात्मक ढांचा की मजबूती पर दिया जोर

राजनीति मूल्यों पर होनी चाहिए, लेकिन भाजपा ने राजनीति का स्तर लगातार गिराया है और कांग्रेस हमेशा मूल्यों पर आधारित राजनीति करती है। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पूरे जिले का संगठनात्मक ढांचा बहुत मजबूत है। उक्त उदगार विधायक इंद्र साव ने सिमगा ब्लाक में आयोजित ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक के दौरान कही। बैठक में जिला कांग्रेस की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे विशेष रूप से उपस्थित थे।

ब्लॉक ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिमगा की मासिक बैठक में विधायक इन्द्र साव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की मजबूती का सबसे बड़ा आधार उसके मजबूत कार्यकर्ता हैं। आज शहर हो या गांव हो कांग्रेस के कार्यकर्ता लगातार पार्टी के झंडे तले पार्टी की मजबूती के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में सिमगा ब्लॉक से कांग्रेस ने बढ़त बनाई थी, परंतु लोकसभा चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव में हमारा प्रदर्शन कमजोर रहा है, जिसे हमें नए जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में क्षेत्र में कांग्रेस को पुनः मजबूत करना है। इसके लिए नए लोगों को कांग्रेस के विचारधारा से जोड़ते हुए बूथ कमेटियों का विस्तार करने की बात भी श्री साव ने रखी। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा भाजपा उनके क्षेत्र में विकास नहीं कराना चाहती। वे लगातार क्षेत्र की जनसमस्याओं को सदन में उठाते आ रहे हैं और व्यक्तिगत रूप से प्रदेश के मंत्रियों से मिल रहे हैं, लेकिन उसके बावजूद जनहित के कार्य करने भाजपा सरकार रुचि नहीं दिखा रही है। विधायक साव ने कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि ऐसा ही नजरिया क्षेत्र के प्रदेश सरकार का रहा तो आने वाले दिनों में हमें धरना प्रदर्शन के माध्यम से जनहित के मुद्दों के लिए लड़ाई लड़ने तैयार रहना पड़ेगा।

कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. केके नायक ने किया। इसके पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी बलौदा बाजार भाटापारा की नव नियुक्त जिला अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे का सिमगा नगर में प्रथम आगमन पर कांग्रेसजनों ने जोरदार स्वागत किया। बैठक को सरपंच कुबेर यदु, दीनबंधु शर्मा, अयूब खान ने भी संबोधित किया। बैठक में पार्षद परदेसी सोनकर, याकूब कुरैशी, गोलू पाटकर, आर्यन शुक्ला, चंदू साहू, संजय कोसले, अशोक देवांगन, अब्दुल खान, सुनीता यादव, चंद्रकला साहू, मोहन गायकवाड, रमेश धृतलहरे, हिम्मत शर्मा, धन सिंह साहू, रिंकू भाटिया, कुंज लाल साहू, देवचरण मारकंडे, गुलाम नबी, दाऊराम यदु, झाड़ूराम साहू सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करती है कांग्रेस

नव नियुक्त जिला अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि कांग्रेस की रीढ़ उनके कार्यकर्ता हैं, जब तक हम उनकी भावनाओं का सम्मान नहीं करेंगे, कार्यकर्ता मन से काम नहीं करेगा। उन्होंने ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. केके नायक को हर माह कांग्रेस की बैठक लेने के निर्देश दिए तथा पार्टी को मजबूत करने हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष ने महिलाओं की पार्टी में सहभागिता की कमी पर चिंता जाहिर करते हुए महिला कांग्रेस के साथ-साथ सभी विंग को मजबूत करने की बात कही और आपसी मनमुटाव को दूर करते हुए पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने हेतु भविष्य में और कार्यक्रम बनाने की बात कही। विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने प्रत्येक महीने की बैठक को ग्राम पंचायत में करने की बात रखी, जिससे हमारी पार्टी ग्रामीण क्षेत्र में और मजबूत होगी। उन्होंने जिला अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में कांग्रेस का हर कार्यकर्ता पार्टी के साथ आपके हर कार्यक्रम में हिस्सा लेगा।

# प्रतिभावान छात्र व चित्रकारी के लिए सम्मानित हुए शुभम




**पलारी।** विगत दिनों सेन समाज द्वारा महासभा का आयोजन रायपुर क़े दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में किया गया गया, जिसमें अंचल के सामाजिकगण बड़ी संख्या मौजूद थे। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह के आतिथ्य में तथा सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रतिनिधिमंडल साथ ही केश कला बोर्ड के अध्यक्ष सुश्री मोना सेन की उपस्थिति में सेन समाज के प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया। इसमें पलारी के शुभम सेन पिता राजा सेन को कक्षा 8 वी मे 83. 33 प्रतिशत उच्च प्राप्तांक विधानसभा अध्यक्ष डा. सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र व प्रतिक चिंह से सम्मानित किया गया। वहीं मौके पर शुभम द्वारा डॉ. रमन सिंह का चित्र बनाने पर वे प्रभावित हुए तथा बाल चित्रकलाकर के रूप में उनके द्वारा बनाई गई पेंटिंग की सराहना की और भविष्य में ऐसी ही लगन से अपनी कला के क्षेत्र में अग्रेषित होने की शुभकामनाएं दी।

# भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता ने किया रक्तदान



**संडीबंगला।** ग्राम पंचायत सेजा में संगवारी ग्रुप सेजा एवं भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गोविंद वर्मा द्वारा रक्तदान शिविर का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें गांव के लोगों को रक्तदान महादान के लिये जागरूक करने और आने वाली पीढ़ियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने और आगे आने के लिए कहा। क्योंकि जो रक्तदान करते हैं उस रक्त का उपयोग से जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचती है और नया जीवन मिलता है। इसलिए रक्तदान बहुत जरूरी है और इसमें हमें बढ़ चढ़कर आगे आना चाहिए और रक्तदान करना चाहिए। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने जयदीप बल्ड बैंक मोवा रायपुर सहयोग किया गया। इस कार्यक्रम में संगवारी ग्रुप सेजा एवं भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गोविंद वर्मा, संतोष वर्मा, ग्राम पंचायत सेजा सरपंच हेमलता ध्रुव, शिवा साहू, साधु (संतोष), सुखिराम, रवि साहू, किशोर वर्मा, मनीष टेंट, पुरुसोत्तन ऑटो सेंटर, संतकुमार यादव, प्रदीप महेशवरी, युगल किशोर, छोटू सण्डी बंगला, राजाराम वर्मा, राजेंद्र डहरिया, मुकेश ध्रुव, पालचंद ध्रुव एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**जिला पंचायत सभापति ने 35 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया**

# अर्जुनी में बनेगा प्रार्थना शेड, रंगमंच और पहुंच मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



ग्राम पंचायत अर्जुनी में जिला पंचायत सभापति ने प्रार्थना शेड, रंगमंच निर्माण एवं मदिरा दुकान पहुंच मार्ग का भूमिपूजन किया। मंत्री टंकराम वर्मा ने उक्त निर्माण कार्यों के लिए लगभग 35 लाख की स्वीकृति प्रदान करायी है।

विदित हो कि जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा अनुमोदित स्वीकृत कार्य पूर्व माध्यमिक शाला बाजार चौक के पास प्रार्थना शेड निर्माण स्वीकृत राशि 10 लाख रंगमंच निर्माण कार्य 5 लाख एवं मदिरा दुकान पहुंच मार्ग की स्वीकृत राशि 19 लाख 93 हजार रुपए का भूमिपूजन किया गया।

जिला पंचायत सभापति गीता डोमन वर्मा के मुख्य आतिथ्य में विधिवत पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने कहा कि भाजपा सरकार गांव गरीब और किसानों की सरकार है। भाजपा सरकार जो कहती है करके दिखाती है। विकास कार्यों के लिए भाजपा सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ बनने के बाद इतिहास में पहली बार बलौदाबाजार जिला से मंत्री बने हैं, जो बलौदाबाजार जिला के लिए गर्व है। विधायक एवं मंत्री टंकराम वर्मा गांव-गांव में विकास की गंगा बहा रहे हैं। उनके ही अनुमोदित स्वीकृत कार्य का भूमिपूजन हुआ।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान जनपद सदस्य वेदेश्वरी त्रिलोक यादव, सरपंच कविता ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू, सचिव राजेश साहू, पंच चित्ररेखा गंगा प्रसाद यदु, प्रेमचंद वर्मा, प्रीति साहू, चंद्रोतिन साहू, श्यामबाई रजक, राधेश्याम साहू, सचिन सोनी, भोलाराम एवं सुखराम ध्रुव, भगेला ध्रुव, जीवन साहू, विजय वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

